दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 191 मुरादाबाद 08 November 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## EWS आरक्षण पर SC की मुहर, लेकिन सीजेआई और जस्टिस भट्ट इसके खिलाफ




नई दिल्ली, ऑनलाइन डेस्क- केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को दिए गए आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण को वैध बताते हुए, इससे संविधान के उल्लंघन के सवाल को नकार दिया। हालांकि, चीफ जस्टिस यूयू ललित की अध्यक्षता वाली पांच संदस्यीय बेंच ने 3-2 से ये फैसला सुनाया है। इससे यह साफ हो गया कि केंद्र सरकार ने 2019 में 103वें संविधान संशोधन विधेयक के जरिए जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को शिक्षा और नौकरी में 10 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था की थी, संविधान का उल्लंघन नहीं है। आइए आपको बताते हैं ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ द्वारा दिए गए फैसले की मुख्य बातें। सुप्रीम कोर्ट ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने का फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईडब्ल्यूएस कोटे से संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन नहीं हुआ। संविधान पीठ ने ये फैसला 3-2 से सुनाया है। जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस जेबी पारदीवाला ने बहुमत का फैसला दिया। वहीं, जस्टिस एस रवींद्र भट और सीजेआई यूयू ललित ने इस मुद्दे पर असहमति जताते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए 50 प्रतिशत कोटा को किसी भी रूप में बाधित नहीं करता है। कोर्ट ने कहा कि गरीब सवर्णों को समाज में बराबरी तक लाने के लिए सकारात्मक कार्रवाई के रूप में संशोधन की आवश्यकता थी। मोदी सरकार ने साल 2019 में 103वें संविधान संशोधन विधेयक के जरिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को शिक्षा और नौकरी में 10 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था की थी, जिसका कई लोगों ने विरोध किया था।

### EWS आरक्षण के पक्ष में 3 जज

जस्टिस दिनेश माहेश्वरी ने EWS आरक्षण के समर्थन में अपनी सहमति जताई। उन्होंने कहा कि आर्थिक आधार पर दिया जाने वाला आरक्षण संविधान के मूल ढांचे का किसी भी रूप में उल्लंघन नहीं करता है। ईडब्ल्यूएस आरक्षण समानता संहिता का उल्लंघन नहीं करता। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी ने भी ईडब्ल्यूएस आरक्षण का को जायज ठहराया है। उन्होंने कहा कि वह जस्टिस माहेश्वरी के साथ सहमत हैं। सामान्य वर्ग में ईडब्ल्यूएस कोटा वैध और संवैधानिक है। जस्टिस जेबी पारदीवाला ने भी ईडब्ल्यूएस आरक्षण का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण में को आपत्ति नहीं है। मैं जस्टिस माहेश्वरी और जस्टिस त्रिवेदी के फैसले के साथ हूं। हालांकि, EWS कोटा को अनिश्चितकाल के लिए नहीं बढ़ाना चाहिए।

### चीफ जस्टिस यूयू ललित और जस्टिस रविंद्र भट्ट ने EWS आरक्षण के खिलाफ रखी राय

जस्टिस रवींद्र भट ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण के खिलाफ अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा कि संविधान सामाजिक न्याय के साथ छेड़छाड़ की अनुमति नहीं देता है। इस तरह का आरक्षण भारतीय संविधान के आधारभूत ढांचा के तहत उपयुक्त नहीं है। ऐसे आरक्षण की सीमा पार करना संविधान के आधारभूत ढांचे के खिलाफ है। जस्टिस भट ने कहा कि आरक्षण देना कोई गलत नहीं, लेकिन ईडब्ल्यूएस आरक्षण में भी एससी, एसटी और ओबीसी के लोगों को आरक्षण मिलना चाहिए। इस मामले में चीफ जस्टिस यूयू ललित की राय ने सभी को चौंकाया। चीफ जस्टिस यूयू ललित ने ईडब्ल्यूएस कोटे के खिलाफ अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा कि वह जस्टिस भट के निर्णय के साथ हैं। इस तरह श्वड्ढस् कोटे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का फैसला 3:2 रहा।

## गोला गोकर्णनाथ की हार के बाद मायावती ने सपा के जख्मों पर छिड़का नमक, पूछा-अब कौन सा बहाना बनाएंगे अखिलेश



बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी की गोला गोकर्णनाथ सीट पर समाजवादी पार्टी की करारी हार को लेकर ट्वीट के जरिए अअखिलेश यादव पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि गोला में बीएसपी मैदान में नहीं थी। अब सपा अपनी इस हार के लिए कौन सा बहाना बनाएगी? दरअसल, यूपी के पिछले विधानसभा चुनाव के बाद से ही बसपा और समाजवादी पार्टी के बीच वोटरों को संदेश देने की होड़ लगी है। इसमें समाजवादी पार्टी जहां बीएसपी पर बीजेपी से मिलीभगत कर जानबूझकर ऐसे उम्मीदवार खड़े करने का आरोप लगा रही है जो सपा कैंडिडेट को नुकसान और बीजेपी को फायदा पहुंचाए तो वहीं बीएसपी कह रही है कि मुसलमानों के एकतरफा सपा के पक्ष में मतदान करने की वजह से यूपी चुनाव में हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण हो गया। इसी वजह से बीजेपी दोबारा बहुमत की सरकार बनाने में कामयाब रही और बीएसपी को अब तक की सबसे बुरी हार (2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में बीएसपी को सिर्फ एक सीट पर जीत मिली है) का सामना करना पड़ा। मायावती की कोशिश वोटरों, खासकर मुस्लिम वोटरों को यह समझाने की है कि यूपी में बीएसपी ही वो पार्टी है जो बीजेपी को हरा सकती है इसलिए सपा को वोट देने का कोई फायदा नहीं है। उधर, समाजवादी पार्टी लगातार बीएसपी को बीजेपी से मिलीभगत करने वाली पार्टी बता रही है। इस साल जून में आजमगढ़ संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की हार के बाद भी अखिलेश यादव ने बीएसपी को खासतौर पर जिम्मेदार ठहराया था। बता दें कि बसपा ने आजमगढ़ से शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली को उतारा था। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया था कि बसपा जानबूझकर ऐसे प्रत्याशी खड़े करती है जिससे सपा के वोट बंट जाएं और बीजेपी को फायदा हो।

## UP को मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर बनाएगा वन ट्रिलियन इकोनॉमी, CM योगी का इन 7 इंडस्ट्रीज पर फोकस करने का निर्देश

लखनऊ- योगी सरकार उत्तर प्रदेश को अगले पांच वर्ष में वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर खासा फोकस कर रही है। अर्थव्यवस्था को बूस्टअप करने के लिए सरकार प्रदेश की जीएसडीपी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के योगदान को तीन गुणा से भी ज्यादा करने पर जोर दे रही है। वर्तमान में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का योगदान 14 प्रतिशत है, जिसे 45 प्रतिशत तक ले जाने पर काम शुरू कर दिया गया है। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। बैठक में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को रफ्तार देने के लिए सात इंडस्ट्री पर फोकस करने को कहा गया है। इसमें से कुछ इंडस्ट्री में यूपी निर्यात में अहम भूमिका निभाता है।

### यूपी लेदर, टेक्सटाइल व टॉयस निर्माण का हब



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों को मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के तहत आने वाली सात इंडस्ट्री क्रमशः लेदर, टेक्सटाइल, टॉयस एंड गेम्स, डिफेंस, इलेक्ट्रानिक्स, मशीनरी और इलेक्ट्रिक व्हीकल पर फोकस करने को कहा है। वजह ये भी है कि इनमें से उत्तर प्रदेश लेदर, टेक्सटाइल और टॉयस के निर्माण का हब है और पूरे देश में यूपी सबसे ज्यादा इन इंडस्ट्री में निर्मित प्रोडक्ट का निर्यात करता आ रहा है। ऐसे में इसमें कम मेहनत और लागत से ही निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है, बस इसपर फोकस बढ़ाना होगा।

### इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री में भी संभावनाएं

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2027 तक लेदर, टेक्सटाइल, टॉयस एंड गेम्स, डिफेंस, इलेक्ट्रानिक्स में वैश्विक बाजार के 5 प्रतिशत निर्यात पर अधिकार कर लिया जाए तो जीएसडीपी (ग्रॉस स्टेट डोमेस्टिक प्रोडेक्ट) में 246 बिलियन निर्यात के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वहीं इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री में वैश्विक बाजार का 10 प्रतिशत निर्यात पर अधिकार के साथ जीएसडीपी में 14 बिलियन निर्यात के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मालूम हो कि वर्तमान में प्रदेश की जीएसडीपी 4.2 प्रतिशत है, जो 18 लाख 63 हजार 221 करोड़ है। इनका सबसे ज्यादा निर्यात करता है यूपी-चीन वैश्विक स्तर पर कपड़े का 29 प्रतिशत तक निर्यात करता है, जबकि भारत 3 प्रतिशत ही करता है। इसमें पूरे देश में अकेले यूपी 23 प्रतिशत तक निर्यात करता है। 32 प्रतिशत तक निर्यात करता है,

# थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगदहा के निवासी राजित राम पुत्र छोटेलाल ने थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के दक्षिण तरफ बरसात पानी का निकास था पानी ग्राम समाज की भूमि मे गिरता था अपने मकान की दक्षिण तरफ 3 फुट जगह छोड़कर मकान बनाया था जिस पर



खड़ंजा लगवा दिया गया परंतु विपक्षी गण बाबूराम यादव पुत्र सुंदर कृष्णावती पत्नी बाबूराम यादव अनीता देवी पुत्री बाबूराम यादव संतोष कुमार यादव निवासी बरगदहा थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती ने दबंगई के बल पर ग्राम समाज की भूमि गाटा संख्या 6,23 नवीन परती पर मकान का निर्माण कर रहे हैं तथा प्रार्थी का पानी का निकस बंद कर दिए हैं तथा नाली का निर्माण भी नहीं करने दे रहे हैं विपक्षी नंबर दो आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के पद पर कार्य रत है तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घूमना शौचालय का संचालन करती है प्रार्थी का बरसात पानी का निकास बंद कर दिए तथा प्रार्थी के पानी निकास बंद करने पर विरोध करने पर आंगनबाड़ी आमदा फौजदारी होकर बलात्कार जैसे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है इस संबंध में संपूर्ण समाधान दिवस "तहसील जमुनहा में जिलाधिकारी महोदय चौकी प्रभारी जमुनहा को प्रार्थना पत्र दे चुके आज तक कोई कार्यवाही न होने पर जांच उपरांत के बाद आज तक कोई कार्यवाही नही कि गई इस संबंध में प्रार्थी ने जिलाधिकारी श्रावस्ती उप जिलाधिकारी जमुनहा उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह से जानकारी लेने पर बताया गया कि तहरीर मिली है जांच कराया जा रहा है।

# भाजपा को उपचुनाव में मिली प्रचंड जीत पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ने लड्डुओं का वितरण कर मनाई खुशी

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ -भाजपा को उपचुनाव में हुई भारी जीत पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के साथ किसानों ने जताई भारी खुशी उन्होंने कहा है कि उपचुनाव में इस भारी जीत पर साफ संकेत है 2024 के लोकसभा के चुनावों को भी भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ जीतेगी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने भाजपा की जीत पर लड्डुओं का वितरण किया खुशी का इजहार किया कार्यकर्ताओं ने इस पर भारी हर्ष व्यक्त किया है उन्होंने कहा है कि नगर निगम के बाद लोकसभा का आने वाला 2024 में लोकसभा के चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनाएंगे इससे साफ जाहिर होता है स्पष्ट है मोदी जी के योगी जी की लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ती जा रही है बसपा नेता मायावती पर पलटवार करते हुए कहा है कि बसपा जनता का शोषण करती थी बसपा जनता का आहित करती थी बसपा किसानों का उत्पीड़न करती थी इसलिए उत्तर प्रदेश में जीरो हो गई है कांग्रेश बसपा का जनाधार उत्तर प्रदेश से खत्म हो गया है जितना कार्य किसानों के लिए युवाओं के लिए उत्तर प्रदेश के विकास के लिए किसानों के लिए योगी जी की सरकार में हुआ है इतना कार्य पिछली किसी सरकारों ने नहीं किया है पिछली सरकारों ने केवल जनता का किसानों का शोषण किया था उत्तर प्रदेश को जातिवादी में ढकेल दिया था योगी जी सरकार ने प्रदेश को जातिवादी से मुक्त किया है भाजपा को सभी समाजों का वोट मिलता है उपचुनाव इसका पूरा संकेत है

# खोया मोबाईल पांडेयपुर चौकी इंचार्ज सुरजकांत पांडे ने बरामद कर लौटाया



तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-नवागत चौकी प्रभारी पांडेयपुर सुरजकांत पांडे ने अपने तत्प्रता से बरामद कर वापस कराया।दरअसल पहाड़िया मंडी अध्यक्ष का मोबाईल पहाड़िया चौराहे से अकथा की ओर जाते वक्त गिर गया था।जिसकी सूचना मंडी अध्यक्ष ने चौकी प्रभारी को दिया।सूचना पर पाण्डेयपुर चौकी की पुलिस ने एक घंटे के भीतर मोबाईल को बरामद कर लिया।जिसके बाद पांडेयपुर चौकी इंचार्ज सुरजकांत पांडे ने चौकी पर बुलाकर मोबाईल मालिक डॉ. श्यामनारायण को मोबाईल किया सुपुर्द।

# पंचायत सहायको को किया प्रशिक्षित

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती,जनपद में यूनिसेफ के सहयोग से चलाई जा रही योजना नया सवेरा से आच्छादित विकास खंडो क्रमशः इकौना और गिलौला के पंचायत सहायकों को महिला और बाल संरक्षण के मुद्दों पर प्रशिक्षित करने हेतु एकदिवसीय क्षमता वर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रम विभाग, प्रोवेशन, बाल विकास विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाए



जा रहे महिलाओं और बच्चों से संबंधित विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई। श्रम विभाग द्वारा संचालित योजना बाल श्रमिक विद्या योजना के विषय मे जानकारी देते हुए यह भी बताया गया कि आप इस योजना का ऑन लाइन आवेदन कैसे कर सकते है।इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, श्रम प्रवर्तन अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

# प्रेम प्रसंग में प्रेमिका के घर मिलने पहुंचे प्रेमी से परिजनों का हुआ विवाद गोली चलने से प्रेमी हुआ घायल

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ -कहते हैं जब प्यार परवान चढता है तो कुछ नहीं दिखाई देता यही कारण है लोग सात समंदर से पार से भी अपनी प्रेमिका से मिलने जा पहुंचते हैं,लेकिन इसका अंजाम क्या होगा इसकी परवाह कोई नही करता , अलीगढ़ के थाना बन्ना देवी क्षेत्र के नौरंगाबाद का है जहाँ एक प्रेमी अपनी प्रेमिका से उसके परिजनों की



गैरमौजूदगी में मिलने उसके घर पहुंच गया जहां इसकी भनक जैसे ही परिजनों को हुई तो परिजनों के द्वारा मारपीट शुरू कर दी इस दौरान प्रेमी के पास मौजूद तमंचे से गोली चल गई जिसमें प्रेमी बुरे तरीके से जख्मी हो गया सूचना पर प्रेमी के परिजन भी मौके पर पहुंच गए प्रेमी व प्रेमिका के परिजन एक दूसरे के सामने आ गए जिसको लेकर घंटों भर हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है साथ ही मौके से तमंचा बरामद करते हुए आवश्यक कार्यवाही के दिशा निर्देश दिए है पूरे मामले पर क्षेत्राधिकारी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है थाना गांधी पार्क क्षेत्र के नौरंगाबाद में दो पक्षों में प्रेम प्रसंग के चलते विवाद हो गया था इस दौरान तमंचे से गोली चलने के कारण एक युवक के पैर में लग गई जिसको स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है मौके से तमंचा बरामद कर लिया गया है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी वही प्रेमिका शादीशुदा बताई जा रही है काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था दोनों का प्रेमिका ने प्रेमी से शादी करने का किया था इंकार तभी से प्रेमी था खिलाफ

# निकाय चुनाव आते ही मतदाताओं के पहचानपत्र होने लगे दुरुस्त



तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- निकाय चुनाव आते हैं संभावित प्रत्याशियों के द्वारा अपने अपने वार्ड के मतदाताओं की पहचान पत्र को दुरुस्त करवाया जा रहा है जिन व्यक्तियों का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है या जो व्यक्ति का नाम किसी भी कारण से वोटर लिस्ट से कट गया है ऐसे व्यक्तियों का नाम फिर से वोटर लिस्ट में संशोधन कर कर जोड़ा जा रहा है जिसके लिए प्रत्याशियों के द्वारा वार्ड में जाकर कैंप लगाया जा रहा है और लोगों से वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाने के लिए बताया जा रहा है।

# 1 किलो 600 ग्राम नाजायज गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-बबुरी--पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन एवं वांछित अभियुक्तों के चेकिंग के दौरान मुखबीर के खास सूचना पर भगतपुरा की तरफ जाने वाले रोड से एक व्यक्ति रतनपल सिंह निवासी जरखोर को 1 किलो 600 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष बबुरी अतुल कुमार के अलावा उप निरीक्षक रवींद्रनाथ सिंह,कांस्टेबल आशीष सिंह,अंकित सिंह,कृष्णा,पंकज,दिलीप, गौरव यादव रहे।

# कोटेदार संघ जमुनहा द्वारा कमिशन न मिलने के सम्बन्ध मे बैठक



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- कोटेदार संघ जमुनहा की एक मीटिंग की गई जिसमे सभी कोटेदार मौजूद रहे ,कोटेदार संघ के ब्लाक अध्यक्ष जमुनहा प्रताप पटेल ने कहा कि **pmgky** का कमीशन **nfsa** का कमीशन मई से लेकर अब तक कोटेदारों को कमीशन नही मिला है,जबकि जनवरी 2021 भाड़ा होम स्टेप दिलवरी के तहत जमा किया गया पैसे का भुगतान अभी तक नही हूआ है।,इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष के संग कोटेदार संघ जमुनहा के संरक्षक जगदंबिका प्रसाद वर्मा, व ब्लाक कोषाध्यक्ष जमुनहा गुड्डू मौर्य,सूचना मीडिया प्रभारी शरीफ खान ,न्याय पंचायत अध्यक्ष, अनीश खान, गिरंट,व मटरी लाल यादव, राम पुर सफीकुल्ला, जमुनहा भवानिया पुर,तथा अनीश ददौरा,सलीम ब्लाक उपाध्यक्ष, आदि सभी कोटेदार मौजूद रहे।

# व्यापार कर विशेष प्रयास कर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करें-डीएम

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय कक्ष में कर-करेत्तर एवं राजस्व प्राप्ति की समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने स्टाम्प एवं निबंधन, आबकारी, बिक्री एवं व्यापार कर, मनोरंजन, परिवहन निगम, बाट तथा माप, यात्रीकर, खनन, विद्युत देय, मण्डी समिति, आदि की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। स्टाम्प एवं निबंधन की प्रगति काफी कम होने एवं इस माह लक्ष्य के सापेक्ष 22 प्रतिशत की प्रगति प्राप्त करने पर जिलाधिकारी ने विशेष प्रयास कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। आबकारी, यात्रीकर तथा खनन में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति होने पर जिलाधिकारी ने उक्त विभागों को प्रवर्तन की कार्यवाही कर राजस्व की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि विभाग मिलकर सामूहिक रुप से ओवर लोडिंग एवं अवैध खनन पर हर हाल में रोक लगाया जाना सुनिश्चित करें। विद्युत देय में 133 करोड के सापेक्ष 87 करोड की प्राप्ति होने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। बाट एवं माप विभाग को जिलाधिकारी ने नियमित चैकिंग कर कार्य प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि इस माह अवकाश कम है अतः अधिकारी इस माह में लक्ष्य को शतप्रतिशत पूरा करने का हर संभव प्रयास करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व युगराज सिंह, ए0आई0जी0 स्टाम्प एल0जी0 पाण्डेय, ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन अनिल कुमार, मण्डी सचिव मलखान सिंह, ए0ई0 पीडब्ल्यूडी सुरेन्द्र कुमार सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी सतेन्द्र कुमार, ए0आर0एम0 परिवहन प्रेम सिंह, डिप्टी कमिश्नर व्यापार कर डा0 लमेश कुमार, सहायक आयुक्त खाद्य वी0के0 सिंह, अधिशासी अभियन्ता विद्युत शैलेन्द्र, ए0सी0एम0ओ0 डा0 सुनील दोहरे, सहित अन्य अधिकारी एवं सी0आर0ए0 विनोद सिंह आदि उपस्थित रहें।

# बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर ट्रेन में दुष्कर्म के बाद युवती की हुई थी हत्या, जीआरपी सिपाही समेत चार गिरफ्तार

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर ट्रेन में करीब चार महीने पहले 29 जून को अलीगढ़ की युवती का शव मिला था। युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई थी। दुष्कर्म होने की बात की पुष्टि चार महीने बाद हुई है। इससे यह बात साफ हो गयी है कि दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई थी।

## हत्या व दुष्कर्म में चार गिरफ्तार

जीआरपी ने दुष्कर्म के मामले में एक सिपाही समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में दो युवती की कंपनी के अधिकारी भी शामिल है। युवती बरेली की एक कंपनी में काम करती थी। अब जीआरपी युवती की हत्या की गुत्थी सुलझाने में लगी है।

## ट्रेन में 29 जून को मिला था शव

29 जून को अलीगढ़ की युवती का शव बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर में मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती के हाथ पर चोट के निशान मिले थे। शव का पोस्टमार्टम डाक्टरों के पैनल से कराया गया था। दुष्कर्म की आशंका के चलते जीआरपी ने स्लाइड जांच को भी भेजी थी। युवती की हत्या गला दबाने से होने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक 17 से 19 घंटे पहले हत्या हुई थी। जीआरपी ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करके विवेचना शुरू की।




## युवती की बहन ने इन्हें बनाया था आरोपित

जीआरपी चंदौसी के प्रभारी निरीक्षक कौशलेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि विवेचना के दौरान युवती की बहन ने अपने बयानों में जीआरपी मुरादाबाद में तैनात सिपाही नीरज कुमार निवासी महमूदापुर, थाना कांठ, मुरादाबाद, में कारपेंटर का काम करने वाला इश्तियाक निवासी तिलियापुर, थाना सीबीगंज, बरेली के अलावा युवती के कंपनी के अधिकारी शीशराम राजपूत निवासी ग्राम मछरिया, थाना जलालाबाद, जनपद शाहजहांपुर, अवधेश कुमार निवासी ग्राम घोसीपुरा, थाना मंडराक, जनपद अलीगढ़ के नाम बताए।

## कॉल डिटेल में भी आए चारों के नाम

इनके अलावा अन्य कई लोगों ने भी अपने बयानों में युवती से इन चारों के करीबी संबंध होने की बात कही। कॉल डिटेल से भी आरोपितों से युवती की बातचीत होने की पुष्टि हो गई। युवती की स्लाइड की रिपोर्ट आने पर उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हो गई। हालांकि, हत्या की बात अभी साफ नहीं हो पायी है।

## चारों आरोपितों का होगा डीएनए टेस्ट

प्रभारी निरीक्षक केएन सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के बारे में पता लगाने के लिए चारों आरोपितों का डीएनए टेस्ट कराएंगे। इससे यह बात साफ हो जाएगी कि चारों आरोपितों में से दुष्कर्म का आरोपित कौन है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# रामपुर के अफसरों की अच्छी सोच का परिणाम, जो खड़े भी नहीं हो पाते थे वे अब दौड़ने लगे

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जहां चाह वहां राह। दिव्यांग बच्चों को पूरी तरह ठीक करने के लिए अफसरों ने जो कमर कसी, उसका सुपरिणाम अब सबके सामने है। जिले के अफसर ऐसे बच्चों की सर्जरी करवाकर उनकी दिव्यांगता पूरी तरह दूर करा रहे हैं। जो बच्चे पहले खड़े भी नहीं हो पाते थे, अब वे दौड़ने लगे हैं। अब तक 29 बच्चों की सर्जरी हो चुकी है, 33 और बच्चे भी चिह्नित कर लिए गए हैं। कोरोना काल में बना बाल कोष-दो साल पहले कोरोना काल में रामपुर जिले के अफसरों ने गरीब और लाचार बच्चों की मदद के लिए बाल कोष ( डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड केयर एंड प्रोटेक्शन फंड ) बनाया था। तत्कालीन जिलाधिकारी ( वर्तमान में मंडलायुक्त मुरादाबाद ) आन्जनेय कुमार सिंह समेत तमाम अफसरों ने इसमें बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग किया। अफसरों के साथ परिचितों ने किया सहयोग-अपने परिचितों और कारोबारियों से भी इसमें योगदान करवाया। इस कोष में अब तक 80 लाख रुपये जमा हो चुके हैं। अब मिशन समर्थ- जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ बताते हैं कि अब मिशन समर्थ चल रहा है। इसके माध्यम से हम दिव्यांग बच्चों की सर्जरी कराकर उनकी दिव्यांग्ता पूरी तरह दूर कराना चाहते हैं। जिन बच्चों की सर्जरी के माध्यम से दिव्यांगता दूर हो सकती है, उनके आपरेशन कराए जा रहे हैं। इनकी दिव्यांगता दूर होने से दो फायदे होंगे। एक तो वे पूरी तरह स्वस्थ हो जाएंगे, दूसरे सरकार का भी दिव्यांग पेंशन पर खर्च होने वाला धन बच सकेगा।सुधर गई बेटे की जिंदगी-चमरौआ ब्लाक के पसियापुरा जुनूबी गांव के जाने आलम के दो वर्षीय पुत्र अली हसन की भी सर्जरी कराई गई है। जाने आलम बताते हैं कि उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। उन्हें बाल कोष के बारे में पता चला तो जिलाधिकारी से मदद की गुहार लगाई। उनका बेटा पैर तिरछा होने का कारण चल नहीं पा रहा था, 18 अप्रैल को उसकी सर्जरी हुई। अब वह चलने लगा है। अब हाथ से लिखेगा वसीम-घाटमपुर कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय के छात्र वसीम के दोनों हाथ करंट लगने के बाद कट गए थे,

# प्रेम प्रसंग में प्रेमिका के घर मिलने पहुंचे प्रेमी से परिजनों का हुआ विवाद गोली चलने से प्रेमी हुआ घायल

आफाक हुसैन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद-कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के उपलक्ष में हमारी महिला संस्था Yepp के धार्मिक अनुष्ठान प्रकोष्ठ ने प्रसाद वितरण ( भंडारा ) का आयोजन किया , जिसमें खिचड़ी, जलेबी एवं खीर प्रसाद के रूप में सभी भक्तजनों को बांटा गया। हर वर्ग के मुरादाबाद निवासी लोगों ने प्रसादग्रहण किया एवं धर्म लाभ कमाया । नेहा मेहरोत्रा ने सभी आए भक्त जन एवं YEPP परिवार सदस्यों को गंगा स्नान की हार्दिक बधाई दी ।मुख्य रूप से हमारी प्रेरणा स्त्रोत एवं धार्मिक अनुष्ठान प्रकोष्ठ की संरक्षक स्नेहा शर्मा, सुषमा टंडन, शालिनी गुप्ता एवं गरिमा मेहरा का अभूतपूर्व योगदान रहा। सभी yepp परिवार सदस्यों ने मिल जुलकर भंडारे के सामान में सहयोग दिया। भंडारे के शुभ अवसर पर सोनिया, तान्या, मान्सी, दिव्या, मयूरी, संजना, गौरी,प्रिया आर्य,नीलम मिश्रा, रितु चौधरी, पुजा, रिचा गुप्ता अनुभा, अदिती गोयल आदि का सहयोग रहा।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

## संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Social media fees

Elon Musk is constantly making headlines with his moves after gaining official ownership rights on Twitter. After sacking the top management and laying off a large number of employees, he has now announced to charge 'users' of the social media platform $8 per month in exchange for a 'blue tick' that gives them a verified identity. Obviously, there has been a worldwide debate on this, but Musk has also made it clear that no matter how much he is criticized, he is not going to take this step back. The business of social media is basically based on advertisements and how big the revenue from them is, it can be gauged from the fact that last year Twitter earned about $ 4.5 billion from advertisements, which is 89 percent of its total revenue. was. It is a popular platform and has around 450 million users worldwide, most of whom are Americans.

Twitter has become such an influential medium in America that former President Donald Trump used to announce all his big policy decisions on it. Now all the heads of government around the world have started using it as authentic media. Obviously, if Elon Musk bought Twitter for $ 44 billion, he would also try to profit from it, but for this he should have found some other avenues, because he himself talked about making it an authentic platform for free expression. Was. Now by paying a fee on verification, he is not freeing the bird, but is putting it in the captivity of the capitalists. There have been allegations from time to time from all over the world that various platforms of social media are not only suppressing the voice of the opposition under pressure from the government and the ruling authorities in different countries, but also through unreasonable interference in the democratic process. are. As such, charging a fee in exchange for a blue tick would lead to a disparity on Twitter, which is contrary to the core feature of social media. Then what is the guarantee that it will not be easy to cheat innocent people by creating verified accounts in the name of big people or organizations? The incident of clone of Elon Musk's account himself is a hallmark of this.

Undoubtedly, many users through social media, especially celebrity users from YouTube and Instagram are earning a lot of money, but why should ordinary users pay the price? As much as Twitter wants to collect monthly fees for blue ticks, a huge population of India does not even have enough money to pay for the school fees of their children. It is true that there is talk of keeping different fees in different countries, even then questions will be raised about its appropriateness. In the event of fees being collected by social media platforms, it will also be expected that they have strict standards of accountability. Most of the companies related to social media are operated from western countries and their attitude is somewhat different in America-Europe and something else towards complaints of developing countries. In such a situation, the government should come forward to protect the interests of the customers of a country with a huge user population like India.

# Alia Bhatt has already thought about the name of the daughter, this announcement was made in the TV show!

The daughter-in-law of the Kapoor family, ie Bollywood actress Alia Bhatt gave birth to a cute daughter on Sunday. When Alia and Ranbir Kapoor's car reached Reliance Hospital, the fans came to know that good news can come at any time. Shortly after, the actress made an official announcement of becoming a mother by posting a post on Instagram. Now the fans are eager to see the first pictures of Alia Bhatt's daughter and know her name. Alia had reached the dance reality show - At present, the photos of Alia Bhatt's daughter and her name have not been revealed but do you know that the actress once shared her heart about it. The talk is about a dance reality show in which Alia Bhatt had arrived as a guest. In this dance show, Alia Bhatt shared her emotions on being a daughter. The little girl gave this cute name - In this show, Alia Bhatt asked a little girl to spell her name. The little girl got very confused and told the spelling of Alia Bhatt's name - 'A-L-M-A-A.' Alia Bhatt's daughter's name? - Apparently this name was very fond of Alia Bhatt, but now that God has given her a daughter, it has to be seen whether she keeps her name 'Alma' or Ranbir Kapoor and more With the consent of the rest of the family members, she chooses another name for her daughter. Recently, Neetu Kapoor, while sharing her emotions on becoming a grandmother, said that Alia is absolutely first class.



# Kantara wreaks havoc at the box office, film ready to enter 100 crore club!



After KGF, Kantara has become the second such Kannada film which is getting so much love across the country. The Hindi version of the film is also doing a bang business at the box office and with the speed with which the film is running, it seems that very soon it will also enter the 100 crore club. Let us know the box office collection of the film Kantara so far. 'Kantara' shines at the box office! - While Bollywood movies are barely completing 10 days in theatres, on the other hand Kantara has been in theaters continuously for the last 4 weeks. The fans' craze about the film is such that even films like 'Ram Setu' and 'Thank God' have been replaced by this film from theatres. Kantara's entry in the 100 crore club? It is reported that the total collection of the film so far has crossed 60 crores. It is believed that the film can do business of 100 crores very easily from theaters only. Because right now no such big Bollywood film is being released, then the film will also benefit from it. Why are Bollywood movies flopping? Movies are not able to show amazing like South films. Giving his opinion about this, actor-director Rishabh Shetty said that directors should remember that they are making films for the audience, not for themselves. At the same time, it is also necessary for the makers to stay connected to the roots.

# विराट चित्रांश सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-के अतिथि डा. वी. के. खरे (अर्थशास्त्री) ने दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया भगवान चित्रगुप्त जी की आरती अ. कामाथ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द गहरी, प्रदेश महामंत्री, विपिन, जौहरी, प्रदेश युवा अध्यक्ष अमित जौहरी , आलोक जौहरी आदि ने किया। करके को महिला अध्यक्षा शिप्रा जौहरी, कार्यकारी अध्यक्ष ममता जौहरी ने सम्मोधित करते हुये पारिवारअरवडता पर बल दिया, युवाओ को आगे आने का बल दिया पूर्व महामन्त्री बी.ए माथुर ने बच्चों को सम्माकिया महिला महासचिव भवा लम्सैना व लखित महासचिव अनिल प्रकाश जो ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पढ़कर मी प्रदेश महामंत्री विपिन जौहरी ने सदन की सर्वसम्मति से अमित जोहरी को प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किया सदन में तालियों की उससे उनका स्वागत किया गया। समिति की महिला शाखा द्वारा प्रतियोगिता मे स्थान प्राप्त करने वाले क्रम को पुरुस्कार प्रदान किया गया चि उमेश चन्द्र सम्मे व चित्रांश की सुख माथुर ने 90त्न से अधिक अंक पाने वाले चित्रांश बच्चों को विशेष रूप से उकस्कृत किया। प्रदेश लघयस आनन्द गौडटी ने त्यापीय समिति व महिला शाखा की भूरि-भूरि प्रशंसा की और अग्रिम कार्यो के लिए दिशा निर्देशित किया। कार्यक्रम के पूर्व अध्यक्ष के पुत्रो नवेन्द्र सहाय, और सुभेन्द्र सहाय के द्वारा 45 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्ध जनो का सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे कमीज और ही मुकुलनॉटी, वीरेन प्रकाश कुल. रतन प्रकार अनुपन जौहरी, सुधीर श्रीवास्तव, संजीव समाना, शरद, सम्सैना, देव कुजना सौना, नरेन्द्र सर्वांना, आविक कनौजिया, शुभमहान, अशुमान कोही आदि महिला शाखा रागनी मधुकर, रेनू विसारिका (कोष पक्ष), दीपाली, संगीत निधिसभा, लक्ष्मी सम्मे इन्दासहाय, चाकिन, सरिता दी, राजीना जुहा कश्चम, ऑनल, ज्योति मधुकर, अरुणा के 2 असोज महिला व पुरुष चित्रांशी सम्मेलन के उपस्थित थे थे ।

# सबसे महंगी डेंगू एलाइजा जांच निशुल्क करा रहा स्वास्थ्य विभाग

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटाएटा- निजी पैथोलॉजी में हो रही मरीजों से मनमानी वसूली बीमारी के सीजन में प्राइवेट चिकित्सक, पैथोलॉजी के गठजोड़ से मरीजों से जांच, उपचार के नाम पर मनमानी वसूली हो रही है।मरीज पहुंचने पर सबसे पहले चिकित्सक एमपी, विडाल, डेंगू और सीबीसी जांच लिखते है। इसके लिए क्लीनिक पर पहले से ही पैथोलॉजी के एजेंट मौजूद रहते है। डाक्टर के लिखते ही तत्काल मरीज का सैंपल लेकर जांच को भेज दिया जाता है। सैंपल के साथ ही मरीजों से पैसे ले लिये जाते है। रिपोर्ट आने तक मरीज को ड्रिप लगा दी जाती है। जांच रिपोर्ट में एनएस-1 पॉजिटिव एवं प्लेटलेट्स कम होने पर मरीज का उपचार शुरू होता है। मरीज के तीमारदार को दवा, बेड चार्ज एवं दवाओं पर प्रतिदिन पांच से छह हजार रुपये तक खर्च करने पड़ रहे है। इससे मरीजों को उपचार कराने में खासी दिक्कत हो रही है। प्राइवेट क्लीनिक, अस्पताल में बेड चार्ज के नाम पर दो से तीन हजार रुपये मरीजों से ले रहे हैं। डेंगू मरीज पहुंचने पर चिकित्सक सबसे पहले डेंगू, मलेरिया की जांच कराते है। डेंगू एनएस-1, प्लेटलेटस कम होने पर मरीजों को भर्ती कर लिया जाता है। इसके बाद प्रतिदिन डेंगू मरीज पर पांच से छह हजार रुपये खर्च होता है।सुरेंद्र कुमार, कठौली (एटा)पैथोलॉजी में डेंगू की जांच 1200 रुपये में, मलेरिया की 350 रुपये, सीबीसी 250 रुपये लिये जा रहे हैं। प्लेटलेट्स की जानकारी को डाक्टर हर दूसरे दिन सीबीसी जांच कराते है। इससे मरीजों को उपचार कराना मुश्किल हो रहा है।-नरेश कुमार सत्तारपुर (एटा)एटा, – अगस्त से लेकर नवंबर तक का समय प्राइवेट क्लीनिक, नर्सिंगहोम, पैथोलॉजी संचालकों का 'सीजन' होता है। इस सीजन में भी सबसे महंगी डेंगू एलाइजा जांच स्वास्थ्य विभाग निशुल्क करा रहा है। प्राइवेट में डेंगू, मलेरिया के उपचार के नाम पर मरीजों से मनमानी वसूली हो रही है। सबसे बड़ी वसूली बैड चार्ज और जांच के नाम पर की जाती है। जिला मलेरिया अधिकारी लोकमन सिंह ने बताया कि डेंगू एलाइजा जांच सबसे महंगी है। इसकी 25 हजार की 94 किट आती है। इनसे जनपद में एनएस-1 निकलने वाले मरीजों की डेंगू कन्फर्म जांच निशुल्क कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक 1616 मरीजों की एलाइजा जांच कराई। इसमें 18 डेंगू पॉजिटिव निकले। महंगी होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग मरीजों की निशुल्क एलाइजा जांच करा रहा है। मलेरिया अधिकारी ने बताया कि पूर्व में एलाइजा जांच अलीगढ़ से कराने पर प्राइवेट चिकित्सकों ने मनमाने ढंग से एनएस-1 डेंगू पॉजिटिव निकलकर मरीजों को महंगा उपचार दिया। इस बार एलाइजा जांच मेडिकल कालेज में होने से प्राइवेट चिकित्सक मनमानी नहीं कर पा रहे है। डेंगू मरीज की रिपोर्ट देने पर उनसे एलाइजा जांच के लिए सैंपल देना होगा। इसकी वजह से प्राइवेट क्लीनिक, नर्सिंग होम में इस बार कम डेंगू पॉजिटिव निकले हैं। उन्होंने प्राइवेट क्लीनिक संचालक, नर्सिंगहोम को पत्र जारी किया है। उनके यहां डेंगू पॉजिटिव निकलने की सूचना स्वास्थ्य विभाग को देनी होगी। अभी तक एक भी प्राइवेट चिकित्सक, नर्सिंग होम ने डेंगू पॉजिटिव निकलने की सूचना स्वास्थ्य विभाग को नहीं दी है।

# तीन महिलाओं के जेवर ले लिफाफा गैंग फरार,आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालेग

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सास, दो बहुओं के मंगलसूत्र, अंगूठियां आदि लिफाफे में रखवा लिए तीन महिलाओं के जेवर ले लिफाफा गैंग फरार आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले लिफाफा गैंग के सदस्यों द्वारा की वारदात के बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पुलिस कैमरों की मदद से बदमाशों को चिन्हित करने में लगी है। इसके अलावा पीड़ित महिलाओं से भी बदमाशों के हुलिया और रंग रूप पहनाव के बारे में जानकारी जुटाई गई हैं। जिससे बदमाशों तक पहुंचा जा सके। कासगंज, – शहर में बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन के आसपास लिफाफा गैंग सक्रिय हो गया है। गैंग के सदस्यों ने रविवार को शहर के बस स्टैंड के पास से दो बहूओं के साथ सास को निशाना बनाया। ई-रिक्शा से बैग लेकर उतरीं महिलाओं से गाजियाबाद के लिए कार से ले जाने की बातें करके रास्ते में चेकिंग का डर दिखाकर महिलाओं से उनके जेवरात लिफाफे में रखवा लिए। इसके बाद भाग निकले। महिलाओं की सूचना पर पुलिस ने गैंग को चिन्हित करने की कार्यवाही शुरू कर दी है।गाजियाबाद से अपनी सास सुनीता के साथ गौरी और समीक्षा अपने मायके कासगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव दौकेली में आईं थी। मायके में एक बच्चे के जन्मिदिन के कार्यक्रम में भाग लेने के बाद रविवार की दोपहर को तीनों महिलाएं गाजियाबाद जाने के लिए बस स्टैंड पर पहुंची। जैसे ही वह ई-रिक्शा से उतरीं तो वन विभाग कार्यालय के पास ही अचानक उनके पास दो लोग आए। दोनों ने पूछा कहां जाना है, तो महिलाओं ने बता दिया कि, गाजियाबाद जाना है। इस पर दोनों लोगों ने भी गाजियाबाद कार से जाने की बात कहते हुए उन्हें अपनी बातों में फांस लिया। दोनों लोगों ने कहा कि, उनकी गाड़ी कंपनी है और रास्ते में चेकिंग होती है कि, चेकिंग से बचने के लिए अपने अपने जेवरात मंगलू सूत्र, अंगूठी आदि लिफाफे में रखने के लिए कहा और एक युवक ने लिफाफा अपने पास रख लिया। जबकि दूसरा गाड़ी लेकर आने की कहकर वहां से खिसक गया। कुछ मिनट बाद भी जेवरात भरे लिफाफे लेकर दूसरा युवक भी वहां से चलता बना। जबकि महिलाएं शोर मचाकर उसे पकड़तीं तब तक वह आंखों के सामने से ओझल हो गया। इस घटना की सूचना महिलाओं ने अपने परिवारीजनों को दे दी। परिवारीजन भी कुछ ही देर में बस स्टेशन आ गये। सूचना पुलिस बस स्टेशन पर स्थित बिलराम गेट चौकी पर पुलिस को दे दी गई। इसके बाद कोतवाली से इंसपेक्टर क्राइम जगमोहन कश्यप पहुंच गये। पुलिस ने लिफाफा गैंग के लोगों को तलाशा, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

# घर से बिना बताए निकली 10 वर्षीय बालिका को जनपद महोबा से सकुशल बरामद



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना जलेसर पुलिस को मिली सफलता, घर से बिना बताए निकली 10 वर्षीय बालिका को जनपद महोबा से सकुशल बरामद कर किया परिजनों को सुपुर्द।

घटनाक्रमानुसार दिनांक 05.11.2022 को थाना जलेसर पुलिस द्वारा 10 वर्षीय बालिका के गुम हो जाने की सूचना पर सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से जानकारी करने तथा काफी अथक प्रयास करने के बाद ज्ञात हुआ कि बालिका अपने चाचा व चाची के साथ उनके चपका विहार थाना कुल पहाड़ जनपद महोबा निवासी किसी रिश्तेदार के यहां बिना बताए चली गई थी। स्थानीय पुलिस द्वारा बालिका को महोबा से एटा लाकर सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। एटा पुलिस द्वारा किए गए इस मानवीय कार्य की आमजन द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गई।

# राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का रंगारंग समापन, छत्तीसगढ़िया गाने पर लोग जमकर थिरके



तीसरे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में देश-विदेश के कलाकारों ने एक साथ मंच साझा किया। तीन दिवसीय महोत्सव में बड़ी संख्या में आदिवासी कलाकारों ने अपनी कला और संस्कृति को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। फसल कटाई की श्रेणी में प्रथम स्थान पर छत्तीसगढ़ के करमा नृत्य को, दूसरे स्थान पर ओडिशा के ढेंगसा नृत्य को और तीसरे स्थान पर हिमाचल प्रदेश के गद्दी नृत्य को पुरस्कृत किया गया। तो वहीं विवाह संस्कार एवं अन्य श्रेणी में पहला स्थान सिक्किम को, दूसरा स्थान ओडिशा को और तीसरा स्थान झारखंड को मिला। विशेष ज्यूरी सांत्वना सम्मान असम और गुजरात को मिला। इसके अलावा विदेश से आए कलाकारों का भी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने सम्मान किया। पुरस्कार वितरण के बाद देश के साथ-साथ विदेशों से आए कलाकारों का नृत्य हुआ। आदिवासी कलाकारों ने अपनी संस्कृति और लोक नृत्य की झलक पेश की है। छत्तीसगढ़ में गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। गुलाबी ठंड के बीच राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में आए लोग देर रात तक जमे रहे। गीत, संगीत और नृत्य ने अतिथियों को कार्यक्रम में डटे रहने के लिए मजबूर किया।

आदिवासी कलाकारों ने नृत्य के जरिए पूरे कार्यक्रम में समां बांध दिया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया है। इस दौरान देश-विदेश से आए आदिवासी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी है। रसियन दल ने वरेन्का नृत्य के साथ शानदार शुरुआत की, इस नृत्य के जरिए रूसी संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। रशियन कलाकारों ने गालिया और कोसेंग सूट नृत्य की प्रस्तुति दी। कोसेंग नृत्य विजय के बाद अपनी परंपरा और शौर्य को दर्शाने के लिए किया जाता है। रशियन कलाकारों ने प्रेम, संगीत, परिधान और परंपरा चारो एक ही डांस में और शारीरिक संतुलन का अद्भुत प्रदर्शन किया। आदिवासी नृत्य महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सिक्किम के कलाकारों द्वारा तमांग सेलो नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। पारंपरिक अवसर और अनुष्ठानों में किये जाने वाले इस नृत्य से दर्शकों में उत्साह भर दिया। टोगो से आए कलाकारों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर अनोखी प्रस्तुति दी। फसल कटाई के अवसर पर किए जाने वाले श्रेणी में छत्तीसगढ़ के जिस नृत्य दल को करमा नृत्य को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ उसकी प्रस्तुति देखकर दर्शको में उत्साह दिखा। फ्यूज़न डांस में देश-विदेश के कलाकारों के साथ संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत के साथ साथ जनप्रतिनिधियों ने बस्तरिया और छत्तीसगढ़िया गाना में जमकर नाचे। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में करीब 4 हजार किलोमीटर दूर सर्बिया से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नृत्य कौशल को देख दर्शक काफी उत्साहित हुए। सर्बिया के कलाकार ट्रेडिशनल डांस का प्रदर्शन किए। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव 2022 में अंतिम प्रस्तुति के रूप में मोजांबिक के कलाकार अपनी सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी।

# छत्तीसगढ़ में दो अलग सड़क हादसों में पांच की मौत, मोटरसाइकिल पर सवार थे तीन युवक




छत्तीसगढ़ में दो अलग-अलग सड़क हादसों में पांच युवकों की मौत हो गई है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि राज्य के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में रविवार रात मोटरसाइकिल के कंटेनर से टकराने से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों शुभम मानिकपुरी (22), सूरज प्रजापति (23) और चिंटू उर्फ बसंत प्रजापति (26) की मौत हो गई। वहीं राज्य के महासमुंद जिले में तेज रफ्तार कार के सड़क किनारे पेड़ से टकराने से कार सवार विकास उर्फ छोटू साहू (21) और आर्यन मिश्रा (22) की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कोरबा जिले के पसान थाना क्षेत्र के निवासी शुभम, सूरज और चिंटू किसी कार्य के लिए एक ही मोटरसाइकिल में सवार होकर पेंड्रा गांव जा रहे थे। जब वह रास्ते में थे तब कोटमी गांव के करीब वह सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गए। इस हादसे में तीनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य हादसा महासमुन्द जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में हुआ। इलाके में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई जिससे दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार देर रात दो मित्र विकास और आर्यन एक कार में सवार होकर घोड़ारी गांव गए थे। जब वह घर वापस लौट रहे थे तब उनकी तेज रफ्तार कार सड़क किनारे एक पेड़ से कार टकरा गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सड़क हादसों की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। हादसे की वजहों की जांच की जा रही है।

# प्रेग्नेंट महिलाओं को लेकर सरकार ने उठाया बड़ा कदम, डिप्टी सीएम ने जारी किए निर्देश, डॉक्टरों को लेकर गाइडलाइन जारी

गर्भवती महिलाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अहम कदम उठाया है। फर्स्ट रेफरल यूनिटों (एफआरयू) की व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए ऑनकॉल व्यवस्था की जाएगी। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) ने ऑनकॉल डॉक्टरों को रखने की गाइडलाइन जारी कर दी है। वहीं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशक को व्यवस्था को बेहतर तरीके से लागू करने के निर्देश दिये हैं। यूपी में हर साल लगभग 56 लाख प्रसव हो रहे हैं। मातृ शिशु मृत्युदर में कमी लाने के लिए संस्थागत प्रसव की व्यवस्था को और मजबूत करने की तैयारी है। इसमें डॉक्टरों की कमी अभी तक रोड़े अटका रही थी। फर्स्ट रेफरल यूनिटों में भी अब ऑनकॉल डॉक्टर बुलाए जा सकेंगे। यूपी में 417 एफआरयू हैं। 149 में इलाज की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। डॉक्टरों की कमी की वजह से कई एफआरयू सेंटरों पर मरीजों को इलाज की सभी सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। ऑपरेशन से प्रसव की सुविधा भी नहीं है। एनेस्थीसिया व स्त्री रोग विशेषज्ञों को ऑनकॉल और फालोअप पर बुलाने के लिए अलग से मानदेय प्रदान किया जाएगा।

## सिजेरियन के लिए ही ऑनकॉल की सुविधा

खास बात यह है कि सिजेरियन के लिए ही ऑनकॉल डॉक्टर बुलाए जाएंगे। जिन एफआरयू में स्त्री रोग व एनेस्थीसिया विशेषज्ञों की टीम नहीं होगी, वहां निजी क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञ ऑनकॉल बुलाए जा सकेंगे। जिला स्तरीय चिकित्सालय पर तैनात विशेषज्ञों को ग्रामीण एफआरयू इकाइयों में ऑनकॉल बुलाया जा सकेगा।

साथ ही ग्रामीण एफआरयू में तैनात विशेषज्ञों को जिला स्तरीय चिकित्सालयों पर सिजेरियन प्रसव के लिए ऑनकॉल बुलाया जा सकता है। सीएमओ जनपद की समस्त राजकीय एफआरयू स्वास्थ्य इकाइयों में ऑनकॉल पर कार्य करने के इच्छुक विशेषज्ञों से सहमति पत्र प्राप्त करेंगे। उन्हें जिला स्वास्थ्य समिति से संबद्ध कराएंगे। इस पैनल में चयनित विशेषज्ञों को एक या एक से अधिक एफआरयू इकाई का चयन करने का अवसर दिया जा सकता है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया, एफआरयू इकाइयों में सिजेरियन की पुख्ता व्यवस्था से बड़े अस्पतालों में मरीजों का दबाव कम होगा। समय से गर्भवती महिलाओं को इलाज मिलने की राह आसान होगी। एफआरयू में आवश्यक दवाएं, उपकरण आदि की व्यवस्थाएं हैं। आनकॉल डॉक्टरों की व्यवस्था प्रभावी तरीके से लागू की जाए ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके।

# इन्हीं का चुनाव आयोग, इन्हीं की कोर्ट-कचहरी... उपचुनाव में बीजेपी के जीतने पर बरसे राकेश टिकैत



यूपी की गोला गोकर्णनाथ सीट पर बीजेपी उम्मीदवार अमन गिरि की जीत के बाद किसान नेता राकेश टिकैत ने बीजेपी पर हमला बोला है। बिना बीजेपी का नाम लिए हुए टिकैत ने कहा कि चुनाव आयोग से लेकर कोर्ट-कचहरी तक सही उन्हीं (बीजेपी) के हैं। बीजेपी को जनता वोट नहीं दे रही है, लेकिन फिर भी जीत उनकी ही हो रही है। प्रयागराज पहुंचे राकेश टिकैत से जब पूछा गया कि उपचुनाव में बीजेपी की जीत हुई है तो उन्होंने कहा, जब बेईमानी होती है तो कोई असर नहीं पड़ता। इन्हीं (बीजेपी) का इलेक्शन कमिशन है, कोर्ट-कचहरी और अधिकारी सब इन्हीं के है। सब बेईमानी से होगा। पूरी यूपी सरकार बेईमानी से बनी है। जनता वोट नहीं दे रही है, लेकिन बेईमानी से जीत मिल रही है। 2024 में भी बीजेपी की ही जीत होने जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि बेईमानी से सारा काम होगा। अगला टारगेट प्रेस है। जितने दिन जान बचानी है बचा लीजिए, अगला टारगेट प्रेस पर है। लूम हो कि पिछले साल लखीमपुर खीरी में हुए थार कांड के बाद से राकेश टिकैत ने कई बार वहां के दौरे किए थे। इसके अलावा, उन्होंने केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के इस्तीफे की भी मांग की थी। वहीं, लंबे समय तक चले किसान आंदोलन में भी टिकैत ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं। आखिर में पिछले साल के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों कृषि कानूनों को रद्द कर दिया था।

## गोला गोकर्णनाथ में बीजेपी उम्मीदवार की हुई जीत

बीजेपी विधायक अरविंद गिरि के निधन के बाद खाली हुई गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अमन गिरी ने समाजवादी पार्टी को चुनाव हरा दिया है।

भाजपा के अमन गिरी ने सपा के विनय तिवारी को 34298 वोट से हराया है। जीत के बाद भाजपा के खेमे में जश्न का माहौल है। गोला उपचुनाव के लिए 3 नवंबर को हुए मतदान के बाद सभी की निगाहें नतीजों पर लगी हुई थी। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी का सीधा मुकाबला था। कांग्रेस और बसपा मैदान से बाहर थी। इस वजह से मुकाबला न सिर्फ कड़ा हो चला था बल्कि इसमें दोनों दोनों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लग गई थी।